हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 30 जनवरी 2024

04 नेता व कार्यकर्ता किसी न किसी गांव में 24 घंटे...



07 जब्त की 231 लीटर हाथ भट्टी मदिरा





## खबर संक्षेप

### जिपं सामान्य सभा की बैठक अब 2 को

**सीहोर।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक अब 2 फरवरी को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। पहले यह बैठक 30 जनवरी को आयोजित होना थी। अब 2 फरवरी की दोपहर 3 बजे से आयोजित सामान्य सभा की बैठक में सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, श्रम एवं शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा होगी। साथ ही जिला पंचायत सदस्यों के द्वारा बताए मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में एजेंडे के अलावा अध्यक्ष की अनुमति से अन्य बिन्दुओं पर भी चर्चा की जाएगी। बता दें कि एक दिन पहले वार्ड क्रमांक 8 के लिए जिला पंचायत सदस्य के चुनाव हुए। 30 जनवरी को चुनाव का परिणाम आएगा।

### दुर्घटना पॉलिसी में 10 लाख तक का क्लेम

**सीहोर।** भारतीय डाक विभाग की इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में 396 रुपये सालाना की कीमत पर दुर्घटना पॉलिसी जारी की है। इस बीमा पॉलिसी में दुर्घटना मृत्यु स्थाई विकलांगता, आंशिक विकलांगता होने अथवा घटना में अंग-भंग होने या लकवा होने की स्थिति में दस लाख रुपए तक का क्लेम प्रदान किया जायेगा। दुर्घटना का शिकार होने पर अस्पताल में भर्ती बीमाधारक को आईपीडी इलाज के खर्च के लिए 60 हजार रुपये और मरहम पट्टी की जाने अथवा ओपीडी में इलाज की स्थिति में 30 हजार रुपये की राशि मुहैया कराई जाएगी। अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में 60 हजार रुपये के अतिरिक्त 10 दिनों तक एक हजार रुपए भी प्रतिदिन दिए जाएंगे।

### राजस्व महाभियान के तहत लंबित प्रकरणों के निराकरण में सीहोर जिला प्रदेश में अव्वल

# अवैध कॉलोनियों और रेत के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के राजस्व मंत्री ने दिए निर्देश

### पूरी ईमानदारी, गंभीरता और पारदर्शिता के साथ काम कर सुशासन का उदाहरण प्रस्तुत करें अधिकारी- राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने जिला पंचायत सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित कर राजस्व महाअभियान की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान राजस्व मंत्री वर्मा ने अधिकारियों से कहा कि पूरी ईमानदारी, गम्भीरता और पारदर्शिता के साथ अपने दायित्व का निर्वहन कर सुशासन का उदाहरण प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि लोगों को राजस्व संबंधी अपने काम कराने के लिए परेशान न होना पड़े और उनके काम नियमानुसार समय-सीमा पर किया जाना सुनिश्चित किया जाये। बैठक में राजस्व मंत्री वर्मा ने तहसीलदार राजस्व महा अभियान की समीक्षा की।

बैठक में राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि अच्छे काम करने वाले शासकीय सेवकों का सम्मान होगा और शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने वाले अथवा भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। मंत्री वर्मा ने कहा कि पटवारियों की हल्कों में उपस्थिति सुनिश्चित करने की साथ ही तहसीलदार एवं एसडीएम ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करें। वर्मा ने कहा कि मैं स्वयं ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर राजस्व महाअभियान की गतिविधियों को देखूंगा। राजस्व वर्मा कहा कि सीमांकन, नामांकन और बंटवारा आदि मामलों की तय समय-सीमा निर्धारित कर दी है। मंत्री वर्मा ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नामांतरण प्रकरणों का 30 दिन और अविवादित बंटवारा प्रकरणों को 45 दिन में निपटाएं। इसके साथ ही राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने पटवारियों को मुख्यालय पर ही रहने के निर्देश दिए हैं। बैठक में विधायक सुदेश राय ने पटवारियों की ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्धता, रेत के अवैध परिवहन, अवैध कॉलोनियों का विस्तार, बिजली एवं ग्रामीण विकास के अधिकारियों का ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण एवं उपलब्धता सहित अनेक बिन्दुओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कार्यवाही करने के लिए कहा।



#### राजस्व महाअभियान में सीहोर प्रदेश में अव्वल

बैठक में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने राजस्व मंत्री वर्मा को अवगत कराया कि राजस्व महाअभियान के तहत आज दिनांक की रिपोर्ट के अनुसार सीहोर जिला प्रदेश में अव्वल है। यह अभियान 15 जनवरी से प्रारंभ हुआ है और 29 फरवरी तक चलेगा। बैठक में कलेक्टर सिंह ने बताया जिले कुल 1069 गावों में 1061 गावों में बी-1 वाचन किया गया जो कि 99 प्रतिशत है। इसके साथ ही सिंह ने बताया कि राजस्व महाअभियान के अंतर्गत 1670 लंबित राजस्व प्रकरणों में से 1082 प्रकरणों का निराकरण कर दिया गया है और इस अभियान के तहत सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। इसी प्रकरण आरसीएमएस अंतर्गत 54768 पंजीकृत प्रकरणों में से 45432 प्रकरणों का निराकरण कर लिया गया है।

#### सीमांकन की तहसीलदार करें जांच

राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि सीमांकन का आवेदन प्राप्त होने पर संबंधित भूमि का सीमांकन करने की कार्रवाई तुरंत की जाए। सीमांकन के समय पड़ोसी किसान को सूचित किया जाए और उनकी उपस्थिति में सीमांकन की कार्रवाई पूरी की जाए। मंत्री वर्मा ने कहा कि पटवारी द्वारा किए गए सीमांकन की जांच तहसीलदार अपने स्तर से कराएं। सीमांकन में गलती हो, तो संबंधित पटवारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

#### रेत के अवैध परिवहन और अवैध कॉलोनियों पर रोक लगाएं

बैठक के दौरान राजस्व मंत्री वर्मा अवैध कालोनियों पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो भी कालोनाईजर द्वारा आसीय कालोनियाँ बनाई जाएं वे नियमानुसार सभी अनुमतियाँ हों। साथ यह भी देखा जाए कि जो कॉलोनिया बनाई जा रही हैं उनमें बिजली, पानी, सड़क, सीवर जैसी मूलभूत सुविधाएं हों। वर्मा ने रेत का अवैध परिवहन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ओवर लोडेड डम्परां के आवागन से ग्रमीण क्षेत्रों की सड़के खराब हो जाती हैं। ऐसे डम्परों का आवागमन सख्ती से रोका जाए।

#### ग्रामीण क्षेत्रों में पटवारियों की उपस्थिति के लिए रोस्टर तैयार होगा

राजस्व मंत्री वर्मा के निर्देशानुसार कलेक्टर प्रवीण सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पटवारियों की उपस्थिति के लिए रोस्टर तैयार किया। उन्होंने कहा कि एक निर्धारित दिन एवं समय पर पटवारियों उपस्थिति से ग्रामवासियों को अपने राजस्व काम के संबंध में मिलने में आसानी होगी। सीहोर जनपद अध्यक्ष नावड़ी बाई, जिला पंचायत सदस्य शंकर पटेल, सुरेन्द सिंह, राजू राजपूत, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर शतीश राय, वंदना राजपूत, एसएलआर स्मिता भूषण सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार सहित सभी राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

## पोर्टल पर धीमी गति से हो रहे रजिस्ट्रेशन, छात्रवृत्ति की प्रक्रिया में हो सकती है देरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्कूल से अनुसूचित जाति औरजनजाति के छात्रों की छात्रवृत्ति प्रक्रिया पूरी होने में अब देरी हो सकती है। इसके वजह हैकि अब तक एमपी टास पोर्टल पर छात्रों द्वारा रजिस्ट्रेशन बहुत धीमी गति से किया जा रहा है। इसको लेकर लोक शिक्षक संचालक ने भी सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारीकरते हुए जरूरी जानकारी 27 जनवरी तकअपडेट करने की चेतावनी दी थी। एमपी टासपोर्टल पर प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति केलिए प्रोफाइल बनाने और उन्हें वेरिफाई करनेका काम अभी चल रहा है, लेकिन स्कूलों के प्रबंधन द्वारा इस काम को करने में गंभीरता नहीं बरती जा रही है। प्रदेश में अभी तक कुल 13 लाख रजिस्टर्ड विद्यार्थियों में से 7.61 लाख विद्यार्थियों का ही पंजीयन कराया गया है। जिले में भी इसकी स्थिति संतोषजनक नहीं है। यहांभी बहुत कम विद्यार्थियों की प्रोफाइल बनाई गई है। हालांकि शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि काम तेजी से करने के निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही काम पूरा कर लिया जाएगा।

**सीए फाउंडेशन के रजिस्ट्रेशन 2 से: सीहोर।** इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्डअकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई)ने मई 2024 सत्र के लिए सीए फाउंडेशन,इंटर और फाइनल पाठ्यक्रमों के लिएपरीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। उम्मीदवार अधिकारिक वेबसाइट icai.nic से डेट शीट देख और डाउनलोड करसकते हैं। परीक्षा 2024 के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया 2 फरवरी से शुरु होगी। आवेदन पत्र 2024 जमा करने की अंतिम तिथि 23 फरवरी है।

### सेना भर्ती के लिए 8 फरवरी से 21 मार्च तक कर सकते हैं आवेदन

**सीहोर।** सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल द्वारा सेना में भर्ती के लिए अधिसूचना 8 फरवरी 2024 को इंडियन आर्मी की वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर जारी किया जायेगा। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रकिया 8 फरवरी से 21 मार्च 2024 तक खुली रहेगी।

## अनदेखी: जिम्मेदार नहीं देते ध्यान, नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नहीं लग पा रहा अंकुश

### तेज रफ्तार दौड़ते वाहनों पर सख्ती नहीं, सड़कों पर अवैध पार्किंग से हो रहे हादसे



**सीहोर।** सड़कों पर तेज रफ्तार से दौड़ते वाहनों के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। इंदौर-भोपाल हाईवे से निकलने वाले वाहनों के साथ ही शहर में भी कई वाहन चालक तेज रफ्तार में वाहनों को चलाते हैं। इसके बाद भी इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। शहर में ट्रैफिक व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इंदौर-भोपाल हाईवे और शहर की सड़कों पर तेज रफ्तार से वाहनों की रफ्तार पर लगाम नहीं लग पा रही है। वहीं वाहन पार्किंग पर भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं।

इंदौर-भोपाल पर चलने वाली कई बसें भी रूट शहर में अंदर नहीं आती है और जो यात्री बसें शहर में बस स्टैंड तक आती हैं वह भी सड़क पर खड़े होकर यात्रियों को उतारती हैं या बैठाती है। इससे शहर में आए दिन हादसे हो रहे हैं। वहीं नगर में वाहनों को खड़ा करने के लिए कहीं पर भी पार्किंग की व्यवस्था नहीं है और बाजार में दिनभर जाम के हालात बनते रहते हैं। इसके बाद भी इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। वहीं गंगा आश्रम में भी डॉक्टरों की क्लीनिक और मेडिकल होने के वजह से यहां पर कई मरीज और डॉक्टर अपने वाहनों से यहां पहुंचते हैं, लेकिन वाहनों को खड़ा होने की जगह नहीं होने से सड़क भी ही वाहन खड़े होते हैं। यहां पर चार पहिया वाहनों के अधिक खड़े होने से अन्य वाहनों के निकलने के लिए बेहद कम जगह बचती है।

#### दुकानों के बाहर खड़े होते हैं द्वदोपहिया वाहन

बाजार में दुकानदारों ने सड़कों पर अपनी दुकान का सामान रखकर अतिक्रमण कर रखा है। वहीं बाजार में पार्किंग की व्यवस्था ना होने से दुकानों के सामने ही वाहनों को खड़ा कर देते हैं।

#### कहीं भी रोक देते हैं बसें

शहर में आने वाली बसों के चालक सवारियों को बैठाने और उतारने के लिए बस स्टैंड के अलावा भी किसी भी जगह पर बसों को रोक देते हैं। यह बसें गंगा आश्रम, बस स्टैंड, इंदौर नाका, नदी चौराहा, पोस्ट ऑफिस चौराहा पर बसों को रोक देते हैं।

#### बस स्टैंड पर भी यहां-वहां खड़ी होती हैं टैक्सियां

इसके अलावा बस स्टैंड के अंदर बसों को खड़ा करने के लिए जगह होने के बाद भी बस चालक बस स्टैंड के बाहर बसों को खड़ाकर सवारियों को उतारते और बैठाते हैं। इसके अलावा यहां पर सड़क र सड़क के किनारे बड़ी संख्या में दो पहिया और चार पहिया वाहन भी खड़े होते हैं, जिसकी वजह से यहां भी लोगों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार तो बस चालक यहां पर बीच सड़क पर भी बस को रोक देते हैं। ऐसे में कई बार वाहन चालक हादसे का शिकार हो चुके हैं।

## कार की टक्कर से 20 फीट दूर उछलकर गिरा बाइक सवार, मां-बेटे की मौत

**सीहोर।** मक्सी रोड पर शनिवार दोपहर कार-बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। कार सवार इतनी तेज गति से वाहन चला रहा था कि टक्कर लगते ही बाइक चला रहा युवक उछलकर अपनीबाइक से 20 फीट दूर जा गिरा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक के पीछे बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे जिला अस्पताल सेप्राथमिक उपचार के बाद उज्जैन रैफर किया गया था। जहां महिला की भी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शनिवारदोपहर करीब 3 से 4 बजे केसलसलाई थानांतर्गत ग्राम मालीखेडी निवासी राजवीर सिंह (30) पिता धीरज सिंह तोमर अपनी मां सुनीता बाई के साथ किसी रिश्तेदार के यहां कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मक्सी तरफ जा रहा था। उसी समय मक्सी रोड परमदरसे के समीप सामने से तेजगति से आ रही कर के चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक सवार भी अपनी बाईक से उछलकर करीब 20फीट दूर जा गिरा। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद लोगों ने शव और घायल महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां महिला का प्राथमिक उपचार कर उज्जैन रैफर किया गया है। इस सड़क हादसे के बाद कार सवार कार घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को जब्तकर कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। मक्सी थाना प्रभारी भीमसिंह पटेल नेबताया कि कार सवार के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है, जिसकी तलाश की जा रही है।

### बीजों के विक्रेता को लायसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिए बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही सम्बन्धित निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

## मौसम: बादल छाने से कड़ाके की ठंड से राहत, न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में बीते 24 घंटे के दौरान आसमान पर हल्के बादल छा जाने के कारण लोगों को शीत लहर और कड़ाके की ठंड से राहत मिल गई है। रात और दिन के अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज हुई है वहीं न्यूनतम तापमान भी आंशिक रूप से बढ़ा हुआ है।

जानकारी के अनुसार जनवरी माह की शुरुआत के दौरान सीहोर जिला लगातार कई दिनों तक घने कोहरे की गिरफ्त में रहा। उसके बाद कोहरा तो छटने लगा लेकिन कड़ाके की ठंड और शीत लहर ने लोगों को काफी परेशान किया। न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस तक भी गिर गया। लेकिन अब आसमान पर हल्के बादल छा जाने से लोगों को कड़ाके की ठंड से राहत मिल गई है।

रविवार के बाद सोमवार को भी बादलों की डेंसिटी लगातार बढ़ती रही जिसके कारण तेज ठंड से लोगों को काफी राहत मिली है। दिन के समय धूप निकल आने से लोगों को शीत लहर का प्रकोप कहीं महसूस नहीं हुआ। वहीं कई बार धूप छांव की स्थिति भी बनी। लेकिन



आसमान पर बादल की आवाजाही से न्यूनतम तापमान ज्यादा नहीं गिरा। शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर एस एस तोमर ने बताया कि आज सुबह तक हवाएं दक्षिण पूर्व से चल रही थी। जिसके कारण न्यूनतम तापमान 11.5 और अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। लेकिन अब हवाओं ने दिशा बदल ली है और उत्तर पश्चिम हो गई है। जिसके कारण अब रात से तापमान पर गिरना शुरू होगा और कल सुबह से फिर से तेज ठंड का दौरा आ सकता है।

### पीएम यशस्वी योजना की छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित 'पीएम यशस्वी योजना' में पिछड़ा वर्ग, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ जाति के विद्यार्थियों हेतु टॉप क्लास एजुकेशन योजना' में छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी है। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने बताया कि इस योजना में भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्रालय द्वारा प्रदेश के चयनित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं एवं 11वीं के पिछड़ा वर्ग तथा विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ जाति के विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। पात्र विद्यार्थियों को मेरिट के आधार पर चयनित कर कक्षा 9 वीं एवं 10वीं के विद्यार्थी को अधिकतम 75 हजार रुपए तथा कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं के विद्यार्थियों को अधिकतम 1.25 लाख रुपए छात्रवृत्ति के रूप में डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर के माध्यम से संबंधित विद्यार्थियों के एकल बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी।

### केंद्राध्यक्ष और स्टॉफ की बैठक में गाइडलाइन का पालन कराने के निर्देश

# परीक्षों केंद्रों पर सुबह 8.30 बजे के बाद देरी से आने वाले परीक्षार्थियों को नहीं मिलेगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा देने जाने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा से एक घंटे पहले केंद्र पर पहुंचना होगा। आधे घंटे में सभी परीक्षार्थी अपना कक्ष और रोल नंबर ढूंढकर परीक्षा कक्ष में प्रवेश करेंगे। इसके बाद आए तो उन्हें परीक्षा देने की अनुमति नहीं मिलेगी। बोर्ड परीक्षा को लेकर माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जो गाइडलाइन जारी की है, उसका पालन कराने के लिए शिक्षा विभाग ने केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्षों व परीक्षा में शामिल होने वाले अन्य स्टाफ की बैठक आयोजित की थी। इसमें निर्देश

दिए गए हैं कि परीक्षा केंद्र में कलेक्टर प्रतिनिधि को छोड़कर केंद्राध्यक्ष व सहायक केंद्राध्यक्ष सहित किसी को भी मोबाइल फोन रखने की अनुमति नहीं है। यदि कोई मोबाइल लाता है तो कलेक्टर प्रतिनिधि के समक्ष ही रखकर सील किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं में इस बार परीक्षार्थियों को सुबह 8 बजे तक परीक्षा केंद्रा पर पहुंचना होगा। 8.30 बजे के बाद विशेष परिस्थितियों को छोड़कर किसी भी विद्यार्थी को केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं मिलेगा। विशेष परिस्थिति में ही केंद्राध्यक्ष द्वारा सुबह 8.40 बजे तक प्रवेश की अनुमति दी जा सकेगी। इस बार परीक्षा के दौरान छात्रों को सप्लीमेंट्री कॉपी नहीं दी जाएगी।

परीक्षा में 32 पेज की उत्तर-पुस्तिका होगी। इसके साथ ही माशिमं ने परीक्षा केंद्र पर लोहे की पेटी रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि विद्यार्थी नकल सहित अन्य सामग्री इस लोहे की पेटी में डाल सकें। बता दें कि इस बार नकल रोकने के लिए भी माध्यमिक शिक्षा मंडल विशेष सख्ती बरत रहा है।

#### 101 केंद्रों पर 40,931 विद्यार्थी देंगे परीक्षा

जिले में 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 101 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 10वीं और 12वीं के 40 हजार 931 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे। इनमें 10वीं के नियमित और स्वाध्यायी 22 हजार 461 छात्र और 12वीं के नियमित और स्वाध्यायी 18 हजार 470 छात्र-छात्राएं परीक्षा केंद्र। 101 परीक्षा केंद्र में से 2 संवेदनशील और 6 अति संवेदनशील केंद्र माने गए हैं। 101 केंद्रों के लिए 101 केंद्र अध्यक्ष और 101 सहायक केंद्राध्यक्ष बनाए गए हैं। साथ ही 20-20 केंद्राध्यक्ष व सहायक केंद्राध्यक्ष रिजर्व में रखे गए हैं।

#### परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पहले खुलेंगे पेपर बॉक्स

इस बार परीक्षा के पेपर थाने से केंद्र तक पहुंचाने की जिम्मेदारी कलेक्टर प्रतिनिधियों की है। 101 केंद्रों के लिए कुल 101 कलेक्टर प्रतिनिधि और 32 रिजर्व में कलेक्टर प्रतिनिधि बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्र पर कलेक्टर प्रतिनिधि की मौजूदगी में केंद्राध्यक्ष सुबह 8.30 बजे प्रश्न-पत्र के बॉक्स खोल सकेंगे। इससे पहले प्रश्न-पत्र के बॉक्स खोलने पर प्रतिबंध है। इसी तरह बॉक्स से पेपरों के सील बंद पैकेट्स परीक्षा कक्ष में सुबह 8.45 बजे तक पहुंचाए जाएंगे।

## 30 जनवरी से 28 फरवरी तक चलेगा दस्तक अभियान, घर-घर जाकर दी जाएगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दस्तक अभियान का द्वितीय चरण 30 जनवरी से 28 फरवरी तक चलेगा। 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों में प्रमुख बाल्यकालीन बीमारियों की समुदाय स्तर पर पहचान करके उपचार व प्रबंधन का काम किया जाएगा। जिससे की बाल मृत्यु दर में अपेक्षित कमी लाई जा सके।

इस अभियान के तहत एएनएम, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के दलों ने 5 साल तक के बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी घर-घर जाकर ली जा रही है। सभी परिजनों से अपील की गई है कि वे दस्तक दल को बच्चों के स्वास्थ्य की पूरी जानकारी उपलब्ध करवाएं और बीमारियों के लक्षण दिखने पर शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में निःशुल्क इलाज भी करवाएं।

जानकारी के अनुसार, दस्तक अभियान में निजी क्षेत्रों के चिकित्सकों की भी सहभागिता हो रही है। जिससे प्राइवेट नर्सिंग होम या क्लिनिक्स में आने वाले बच्चों को भी दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य सेवाएं दी जा सकें।

अभियान अंतर्गत बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी हुई 12 प्रकार की विभिन्न सेवाएं प्रदान की जा रही है। अभियान



में बीमार नवजात बच्चों की पहचान, निमोनिया एवं गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान, रेफरल व प्रबंधन, 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों में डिजिटल हीमोग्लोबिन मीटर से एनीमिया की स्क्रीनिंग व प्रबंधन, दस्त रोग की पहचान, ओआरएस व जिंक के इस्तेमाल के बारे में जागरूकता, 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक का सेवन, जन्मजात विकृतियों व विकासात्मक देरी की पहचान, दृष्टि दोष व श्रवण बाधित बच्चों की पहचान व उपचार, शिशु व बाल्यकालीन आहार की समझाइश, एसएनसीयू वएनआरसी से डिस्चार्ज बच्चों में बीमारी की स्क्रीनिंग व फॉलोअप, आंशिक रूप से टीकाकृत और टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

### राज्य स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम 31 को

**सीहोर।** राज्य स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम 31 जनवरी को आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 31 जनवरी को मुरैना में प्रदेश व्यापी रोजगार दिवस के अवसर पर दो लाख से अधिक युवाओं को विभिन्न योजनाओं के तहत स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। जिला मुख्यालयों में इसी दिन जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। एमएसएमई विभाग के सचिव पी. नरहरि ने बताया कि जिलों में होने वाले आयोजन की रूप रेखा जिला कलेक्टर के निर्देशन में निर्धारित कर कार्यक्रम संपादित किया जायेगा, जिसमें केंद्र और राज्य सरकार की स्वरोजगार योजनाओं को संचालित करने वाले विभागों, जिले के बैंकों एवं अन्य संबंधित संस्थाओं के समन्वय से कार्यक्रम होगा। जिला स्तरीय रोजगार दिवस आयोजन में विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत जिले में लाभान्वित हुये हितग्राहियों को तथा जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जायेगा। इन कार्यक्रमों में हितग्राहियों को स्वीकृति, वितरण पत्र जनप्रतिनिधियों के माध्यम से दिलवाये जायेंगें। रोजगार दिवस के आयोजन का उद्देश्य केंद्र तथा राज्य शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओ के माध्यम से 2 लाख से अधिक युवाओं को प्रतिमाह ऋण वितरण कर स्वरोजगार स्थापित करवाने का है।

### गांव चलो अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

# नेता व कार्यकर्ता किसी न किसी गांव में 24 घंटे प्रवास करेंगे : भगवान दास सबनानी

**इस बार प्रत्येक बूथ पर विगत चुनाव की अपेक्षा 10 प्रतिशत अधिक वोट प्राप्त करने का लक्ष्य लेकर कार्य करना है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भारतीय जनता पार्टी की और से सोमवार को भाजपा के कार्यालय में गांव चलो अभियान के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश भाजपा के महामंत्री विधायक भगवान दास सबनानी सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी व नेता शामिल हुए।

इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रवि मालवीय के अलावा मुख्य रूप से राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, सीहोर विधानसभा के विधायक सुदेश राय, आष्टा विधायक गोपाल सिंह, निर्मला बरेला, भाजपा मंडल अध्यक्ष नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, सीताराम यादव, राजकुमार गुप्ता, धारा सिंह पटेल के अलावा सभी मोर्चा के अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री श्री सबनानी ने कहा कि फरवरी में 9, 10 और 11 फरवरी तक अभियान का पहला चरण चलेगा। इस अभियान में दीवार लेखन सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस बार प्रत्येक बूथ पर विगत चुनाव की अपेक्षा 10 प्रतिशत अधिक वोट प्राप्त करने का लक्ष्य लेकर कार्य करना है।

उन्होंने कहा कि केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के लिए भाजपा गांव-गांव पहुंचकर पार्टी की जड़ों को मजबूत करेगी। इसके लिए पार्टी 'गांव चलो अभियानÓ संचालित करने जा रही है। हम सबको राष्ट्रवाद की विचारधारा को लेकर काम करना है। पूरी मेहनत के साथ आगामी समय में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुड़ जाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा में व्यक्ति नहीं विचारधारा काम करती है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए आगाज हो चुका है भाजपा नेताओं एवं पदाधिकारियो को ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिताना है और रात्रि विश्राम भी वही करना है ग्रामीणों को भाजपा की योजना से अवगत कराना है तभी गांव चलो अभियान की सार्थकता है।

गांव चलो अभियान के तहत आयोजित कार्यशाला में विचार व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री मालवीय ने कहा-भाजपा के समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता पूरी मेहनत के साथ आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए तैयार रहें और टीम भावना के साथ मिलकर शहरी क्षेत्र से लेकर गांव-गांव में पहुंचना है। उन्होंने कहा कि गांव चलो अभियान पार्टी का अहम कार्यक्रम है। इसमें पूरी सजगता के साथ जुटना है। जिन पदाधिकारियों को जो जिम्मेदारी दी जाए। उसकी पूरी ईमानदारी व मेहनत के साथ निर्वहन करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दोबारा पीएम बनाना है।

गांव चलो अभियान को पूरी जिम्मेदारी के साथ लेना है, सभी मंडल अध्यक्ष और पदाधिकारी अपनी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए काम करना है। वहीं नगरीय क्षेत्रों में पार्टी इस समयावधि में बूथ स्तर तक अपनी मौजूदगी दर्ज कराएगी। अभियान के तहत भाजपा सरकार और संगठन के पदाधिकारी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे और पार्टी के पक्ष में माहौल बनाएंगे। गांव चलो अभियान की तैयारी के लिए कार्यशाला आयोजित की गई।

## जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**सीहोर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में रविवार को जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में विद्यालयों के बच्चों ने अपने-अपने प्रोजेक्ट पेश किए थे। विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। इस दौरान सभी विद्यार्थियों ने अपना प्रोजेक्ट पेश किया। इसमें शासकीय माध्यमिक शाला मोगराराम के कक्षा 8 वी के दिव्यांश वर्मा एवं आशुतोष जलोदिया ने शिक्षक रवि वर्मा के मार्गदर्शन में संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिस लगन व मेहनत के साथ बच्चों ने प्रोजेक्ट बनाए, वह काबिले तारीफ थे। कम समय मिलने के बाद भी बच्चों ने बेहतर काम किया। इस पर शाला प्रभारी गजना मंडलोई, डीपी वर्मा और अन्य शिक्षकों ने बधाई दी।

### पुण्यतिथि पर नाश्ते का वितरण



**सीहोर।** शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में स्व. चंदूलाल जैन की तीसरी पुण्यतिथि पर उनके बेटे अरुण जैन ने आश्रम में पहुंचकर यहां पर निवासरत बुजुर्गों को नाश्ते का वितरण किया। इस मौके पर उनके परिजन आदि मौजूद थे।

# वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह अरोरा से मजबूत हुई कांग्रेस, वापसी से भाजपा को मिल सकता है बल

**विधानसभा चुनाव में छोड़ी थी भाजपा, अब लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिल सकता है लाभ**



**सीहोर।** सीहोर की राजनीति के केंद्रबिंदु में रहने वाले वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह अरोरा ने विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की थी। उनके कांग्रेस में जाने से पार्टी को मजबूती मिली और पार्टी का वोट बैंक भी खासा बढ़ा। पहले जहां कांग्रेस को 30 से 35 हजार वोट ही मिलते थे तो वहीं इस बार कांग्रेस को 70 हजार से अधिक वोट मिले। यानी 35 हजार से अधिक वोट ज्यादा मिले। अब लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच एक बार फिर से चर्चा है कि वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह अरोरा की भाजपा वापसी करा सकती है। यदि ऐसा होता है तो कहीं न कहीं इससे भाजपा को लोकसभा चुनाव में जहां मजबूती मिलेगी, वहीं कांग्रेस फिर से कमजोर होगी।

वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह अरोरा का सीहोर की राजनीति में अपना एक स्थान है। सीहोर की राजनीति जिन धुरों के बीच में होती है उनमें एक धुर जसपाल सिंह अरोरा भी हैं। वे 2003 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। उसके बाद वे जिला पंचायत सहित नगर पालिका के अध्यक्ष भी रहे तो वहीं पार्टी के भी विभिन्न पदों पर उन्होंने रहकर सेवा की है। नाराजगी के चलते वे 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आ गए। वे सीहोर विधानसभा सीट से टिकट की मांग कर रहे थे, लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिला। सीहोर विधानसभा क्षेत्र में उनका अपना एक वोट बैंक है, जिसका लाभ इस बार कांग्रेस पार्टी को मिल गया। अब यदि जसपाल सिंह अरोरा की भाजपा में वापसी होती है तो इसका लाभ पार्टी को मिलेगा। भाजपा के एजेंडे को लेकर हमेशा कार्य करने वाले श्री अरोरा सीहोर की राजनीति में अपना एक अलग स्थान रखते हैं।

सीहोर में भाजपा की राजनीति के प्रमुख धुरों में से एक जसपाल सिंह अरोरा मुखर नेताओं में माने जाते हैं। उनकी मुखरता कई मौकों पर सार्वजनिक रूप से भी देखने को मिली।

**लोकसभा चुनाव में इसलिए मजबूती होगी भाजपा :** वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह अरोरा की यदि भाजपा में वापसी होती है तो उनकी वापसी से भाजपा को बल मिलेगा। सीहोर विधानसभा भोपाल लोकसभा सीट के अंतर्गत आती है। ऐसे में भोपाल एवं सीहोर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में इससे पार्टी को लाभ होगा, तो वहीं कांग्रेस को यहां पर फिर से नुकसान झेलना पड़ेगा।

**धार्मिक आयोजनों में लेते हैं बढ़-चढ़कर हिस्सा :** वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह अरोरा हमेशा से धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। वे संघ एवं भाजपा की मानसिकता को लेकर हमेशा से कार्यों को करने में रूचि भी लेते रहे हैं। 22 जनवरी को श्रीरामलला प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर उन्होंने सीहोर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें 11 हजार दीपक जलाकर सीहोर में एक बार फिर से दीपावली मनाई। वे वर्षों से दशहरा उत्सव भी मनाते आ रहे हैं। उनकी अगुवाई में भव्य दशहरा उत्सव वर्षों से मनाया जा रहा है। नवरात्रि के दौरान भव्य गरबा कार्यक्रम का आयोजन भी वे करते हैं। जसपाल सिंह अरोरा एवं उनका परिवार हमेशा से समाज सेवा के कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। उनकी छवि एक जनप्रतिनिधि होने के साथ-साथ समाजसेवी के रूप में भी है।

## बाल विवाह पर नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन



**सीहोर।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आज सीहोर जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास बरखेड़ा हसन में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के तहत विदिशा सोशल वेलफेयर आर्गेनाइजेशन के द्वारा पेंटिग, बाल विवाह के ऊपर नुक्कड़ नाटक व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में जिन बालिकाओ ने पेंटिग एवम नुक्कड़ नाटक की प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया उन्हें प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तिलक बैरागी एवं मनीता सक्सेना (बाल कल्याण समिति सदस्य जिला सीहोर) द्वारा बालविवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण संबंधी जानकारी प्रदान की गई। इसके बाद विशिष्ट अतिथि सुरेश पांचाल (महिला बाल विकास विभाग) पोक्सो एक्ट 2012 पर बालिकाओं को जानकारी दी गई और सामूहिक रूप से बालविवाह मुक्त भारत बनाने हेतु शपथ कराई गई। विदित है कि संस्था द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत स्कूल छोड़ चुके बच्चो का स्कूल में दाखिला एंव वंचित परिवारों को चिन्हित कर शासकीय योजना से जुड़ने की मुहिम 15 जनवरी से 29 फरवरी तक विभिन्न गांवों में चलाई जा रही है इस क्रम में आज यह कार्यक्रम सीहोर जिले के विभिन्न विद्यालयों व ग्राम पंचायतो में आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम में एक्सेस टू जस्टिस फेस 2 की टीम से जिला प्रभारी सुमित गौर , काउंसलर प्रिया दुबे , सपोर्ट पर्सन सतीश सोलंकी, सीएसडब्ल्यू बिदोष गौर , दीपक रुहेला , स्वराज्य कीर, सोनू मेवाडा एवं छात्रावास बॉर्डन यशोदा पोलाया सहायक बॉर्डन श्री मति सुनीता सोलंकी के सहित पूरे स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यार्थी, एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे ।प्रतियोगिता के बाद बालिकाओ को पुरस्कार भी वितरित किए गए।

## शिक्षिका के पर्स से सोने के झुमके चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार




**भैरुंदा।** फरियादिया राखी यादव निवासी वासुदेव ने थाना गोपालपुर पर रिपोर्ट किया कि दिनांक 20.01. 2024 कि स्कुल मे गेमस पीरियड मे शिक्षिका ने अपने कान के सोने के झुमके (टाप्स) को कान से निकाल कर अपने पर्स ने रख दिये थे व पर्स को स्टाफ रुम रख दिया था। गेमस खत्म होने के बाद जब शिक्षिका द्वारा अपने पर्स को खोल कर देखा तो उसमे उसके सोने के झुमके (टाप्स) नही थे। झुमके की तलाश जो नही मिले जिन्हें किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिये, रिपोर्ट पर थाना गोपालपुर पर चोरी की धाराओ मे मामला पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया।

पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी के निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गितेश गर्ग व एसडीओपी दीपक कपुर के मार्गदर्शन में कर थाना प्रभारी गोपालपुर के नेतृत्व में टीम गठीत गई । टीम द्वारा माल- मुल्जिम की तलाश हेतु मुखबिरो को सक्रिय किया गया।

मुखबिर व पुलिस तंत्र की सूचना पर सूचना प्राप्त हुई कि घटना दिनांक समय को स्कूल में ही पढ़ने वाला आदित्यराज पंवार स्टाफ रुम में गया था। आदित्य के घर ग्राम वासुदेव पहुँचकर योजनाबद्ध तरीके से पुछताछ करने पर आदित्यराज द्वारा जुर्म करना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से चोरी गये सोने के झुमके (टाप्स) कीमती करीबन 50,000 रुपये जप्त करने में सफलता प्राप्त की गई ।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गोपालपुर निरी. ब्रजेश कुमार, सउनि विजय यादव, प्रआर. 631 मनोहर सिंह ठाकुर, आर. 741 संजय राजपूत, आर. 787 राहुल बघेल, आर. 536 प्रकाश नरें, आर. 772 विशाल सिंह तोमर, आर. 691 सचिन सिंह, आर. 676 अशोक कीर सराहनीय काम रहा है।

### 26 जनवरी के उपलक्ष में अनोखे तरीके से किया झंडा वंदन

**नलखेड़ा।** गणतंत्र दिवस पर नगर के विभिन्न स्कूलों में झंडा वंदन किया गया। जिसमें क्षेत्र के कमला सागर विद्यालय में आधुनिक तकनीकी को बढ़ावा देने के लिए ब्रेन की मदद से झंडा वंदन किया गया। कमला सागर में हुए झंडा वंदन के इस कार्यक्रम में झंडे को हवा में लटका कर पुष्प वर्षा की गई जो की कमला सागर विद्यालय में उपस्थित अटल लैब का एक प्रोजेक्ट रहा। यह प्रोजेक्ट बच्चों को आधुनिक टेक्नोलॉजी और रोबोटिक सिस्टम के बारे में जागरूक और बच्चों को नई स्किल्ड सीखने के रूप में भी विभिन्न तरह के प्रयास निरंतर किया जा रहे हैं।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल का वार्षिक उत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



भाऊखेड़ी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल का वार्षिक उत्सव एवं रंगमंच कार्यक्रम पिछले दिनों लसूड़िया राम स्थित बैकुण्ठ धाम आश्रम के प्रागंण में आयोजित किया गया।

जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में कथावाचक मोहित रामजी पाठक मौजूद थे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में शास्त्रीय संगीत आचार्य एवं रामकथा वाचक वैदिक विद्या पीठ छिपानेर, हरदा के काशिवजी व विशेष अतिथि के रूप में दुर्गा प्रसाद चक्रधारी, डॉक्टर नरेश वर्मा, जगदीश प्रजापति, हरिओम, संजय, धर्मेंद्र, मदन, देवेंद्र आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित एवं उनकी पूजा-अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य विष्णु प्रसाद सेन, आचार्य शुभम पांचाल, प्रियंका वर्मा, माया सेन, तनु नागर, विनीत नागर, मुस्कान वर्मा ने अतिथियों को पुष्प मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन रामपाल परमार ने किया।

### जान बचाने पर मिलेगा 5 हजार का पुरूस्कार

**सीहोर।** भारत सरकार के भूतल परिवहन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा दुर्घटना होने पर घायलों की जान बचाने तथा शीघ्र उपचार उपलब्ध कराने के लिए गुड सेमीरिटन नेक व्यक्ति योजना संचालित की जा रही है। दुर्घटना में घायल होने के बाद उन्हें अस्पताल पहुचाने वाले व्यक्ति से पुलिस द्वार पूछताछ नहीं की जायेगी, जान बचने पर संबंधित व्यक्ति को 5 हजार रूपये का पुरूस्कार दिया जायेगा।

## संघ के महाविद्यालयीन छात्रों का निकला पथ संचलन



**भैरुंदा।** संघ के महाविद्यालयीन छात्रों का पथ संचलन रविवार को भैरून्दा नगर के दशहरा मैदान प्रारम्भ होकर रॉयल मार्केट,शास्त्री विद्यालय,वाइन शॉप,इंदौर रोड, सीहोर नाका,भोपाल रोड,दुर्गा मंदिर चौराहा,बस स्टैंड,सेठी मार्केट, शास्त्री कॉलोनी, शनि मंदिर,दुर्गा चौक और जेपी मार्केट हुए पुनः दशहरा मैदान पहुंचा। जहाँ भैरुंदा सहखण्ड कार्यवाह आदित्य दूबे ने कहा की संघ की स्थापना 1925 मे हुई तब से ही संचलन की परम्परा समाज को शक्ति सम्पन्नता का आश्वासन बधाने के लिए प्रारम्भ हुई,उसी क्रम मे रविवार को महाविद्यालयींन विद्यार्थियों का पथ संचलन निकाला गया. संघ की इसी साधना के कारण कई वर्षो के संघर्ष के पश्चात रामजी प्राण प्रतिष्ठित हुये एवं पूर्ण भारत वर्ष हिन्दू भाव भर गया, वक्ता ने स्वयंसेवको से आह्वान किया की इसी प्रकार से संघ की शाखा मजबूत करते हुये समाज को पर्यावरण संरक्षण,नागरिक शिष्टाचार,कुटुंब प्रबोधन, समरसता एवं आत्मनिर्भरता के पथ पर अग्रसर करते हुये भारत को परम वैभव सम्पन्न बनाना है।

**व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत :** नगर के व्यापारी बन्धुओ द्वारा जगह जगह पुष्पवर्षा द्वारा स्वयंसेवको का स्वागत किया गया।

**जिम्मेदार अधिकारी मवेशियों को हटाकर नहीं कर रहे गौशालाओं में शिफ्ट**

# सड़कों पर जमाया मवेशियों ने डेरा, बढ़ रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आवारा मवेशियों ने जिला मुख्यालय की सड़कों और इंदौर-भोपाल हाईवे के आवादी वाले क्षेत्रों के आसपास अपना डेरा जमा रखा है। मवेशियों का झुंड बड़ी संख्या में होता है। जिससे इन सड़कों पर आवागमन बाधित होने लगा है और हादसे होने का खतरा भी बढ़ रहा है। फिर भी जिम्मेदार अधिकारी सड़कों से मवेशियों को हटाकर उन्हें गौशालाओं में शिफ्ट किए जाने की दिशा में कोई पहल नहीं कर रहे है।

गौरतलब है कि आवारा मवेशियां सर्दी-गर्मी के सीजन में जंगल, खेत और खलियानों में रहती है लेकिन, बारिश का दौर शुरु होते ही जंगल से लेकर खेत और खलियानों तक कीचड़ मचना शुरु हो जाती है। ऐसे में सड़कों पर ही ऐसी जगह होती है जहां कीचड़ नहीं मचता। इसी वजह से यह मवेशियां जंगल, खेत और खलियानों में हरी घास चरने के बाद शाम होते ही हाईवे और अन्य सड़कों पर अपना डेरा जमा लेती है। फिर रात का समय सड़को पर गुजारने के बाद फिर से जंगल और खेतों की ओर निकल जाती है। ऐसे हालातों में शाम से लेकर रात भर सड़कों पर जाम लगने के हालात बन जाते हैं। कई हादसे भी जिले की विभिन्न सड़कों पर हो चुके हैं। जिनमें वाहनों के क्षतिग्रस्त होने के अलावा कई मवेशियों की मौत भी बीते सालों में हो चुकी है। इतना ही नहीं हादसों में इंसानों से ज्यादा मवेशियां भी घायल हो रही हैं। बड़े वाहनों की चपेट में आकर कई मवेशी कुचलकर कर जाते हैं तो कईयों के पैर तक वाहनों से टूट चुके हैं।

**रेहटी, भैरुंदा और इछावर रोड पर लगाता है जमघट**

रेहटी, भैरुंदा, बुधनी और इछावर क्षेत्र की सड़कों पर इन दिनों मवेशियों का जमघट लगा रहता है। बड़ी संख्या में मवेशी सड़कों पर दिन-रात भटकते व बैठे रहते हैं। इस कारण कई बार आवागमन अवरुद्घ हो जाता है। मवेशियों के कारण वाहन चालकों का मार्ग से निकलना मुश्किल हो जाता है। इसे लेकर कई बार लोगों ने शिकायत की, किंतु जिम्मेदार इस पर जरा भी ध्यान देने को तैयार नहीं है। इसके चलते नागरिक परेशानी उठाने को मजबूर हैं।

## मप्र शिक्षक संघ का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ



**इछावर।** पिछले दिनों भोपाल में मप्र शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों का निर्वाचन संपन्न हुआ। यह निर्वाचन निर्विरोध हुआ। जिसमें सीहोर डाइट में पदस्थ अनिल सिंह मुक्तावत प्रांतीय सचिव निर्वाचित हुए हैं। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को क्षेत्र के शिक्षक साथियों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से डॉ विनय सिंह चौहान, अशीस तिवारी, दिवाकर सिंह, महेश मालवीय, मनोज मेवाड़ा, बाबूलाल गोयल, रामफूल सस्तया, मांगीलाल विस्कर्मा , राजेंद्र तिवारी, बहादुर सिंह ठाकुर ,चंद्रसिंह ठाकुर ,घनश्याम वर्मा ,प्रमोद मालवीय, मनोज मालवीय ,अजीत कबाडी, सूरज सिंह दरबार, अर्जुनसिंह सोलंकी, हरिओम मीना, दीपेन्द्र ठाकुर, सचिन त्रवेदी, नीलमणि सेंगर आदि के नाम शामिल है।

### अन्य व्यक्ति द्वारा तिरंगा फहराने पर सीईओ जिला पंचायत ने तुरंत प्रभाव से की रोजगार सहायक सेवाएं समाप्त

# दलित सरपंच को पंचायत भवन पर नहीं फहराने दिया तिरंगा, पूर्व मुख्यमंत्री ने सीएम को किया ट्वीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जनपद ब्यावरा की ग्राम पंचायत में शासन के प्रावधानों के विरूद्ध अन्य व्यक्ति से ध्वजारोहण कराने के चलते रोजगार सहायक की सेवाएं तुरंत प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षय तेम्रवाल ने ग्राम पंचायत तरेना-86 के रोजगार सहायक द्वारा सचिव की अनुपस्थिति में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण सरपंच के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति के कराने पर सरपंच को अधिकारों से वंचित किए जाने के चलते यह कार्रवाई की।


digvijaya singh @digvijaya_28 · 1d
देश 75वां गणतंत्र दिवस मना रहा है लेकिन हालात सुधरने का नाम ही नही ले रहे। मान सिंह वर्मा जी को राजगढ़ जिले की ब्यावरा तहसील की ग्राम पंचायत तरेना में सरपंच के ओहदे पर होने के बावजूद रोजगार सहायक लाखन सिंह ने झंडा वंदन नही करने दिया। @INCMP @CMMadhyaPradesh
-१

24 154 503 8,088

digvijaya singh @digvijaya_28 · 1d
मेरे सीधे सवाल हैं क्या अनुसूचित जाति का होना गुनाह है? क्या पंचायत भवन में सरपंच को झंडा फहराने का अधिकार नही है? मेरा मुख्यमंत्री से अनुरोध है कि ऐसे दोषी रोजगार सहायक लाखन सिंह को तत्काल निलंबित करना चाहिए व STSC Atrocity क़ानून के अंतर्गत कार्यवाही करना चाहिए।

#### सरपंच ने कहा मैं दलित हूं इसलिए नहीं कराया झंडा वंदन



तरेना - 86 के सरपंच मानसिंह वर्मा ने झंडावंदन न कराने के पीछे अपने आप को दलित समाज का होना बताया है। उनका कहना है कि 5 गांव में हमने धूमकर प्रसादी बांटी परंतु रोजगार सहायक लाखन सिंह ने किसी ओर से झंडा वंदन करवा दिया। सरपंच के कहा की मुझे मेरे हक से बंचित कर दिया गया।

#### पूर्व मुख्यमंत्री ने किया सीएम को किया ट्वीट

दलित समाज को दरकिनार करने की बात लिखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री मोहन यादव को ट्वीट करते हुए लिखा है कि क्या अनुसूचित जाति का होना गुनाह है? क्या पंचायत भवन में सरपंच को झंडा फहराने का अधिकार नहीं है? जब देश 75वां गणतंत्र मना रहा है लेकिन हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं।

#### सरपंच ने अपनी पीड़ा का बनाया वीडियो, की अधिकारियों से शिकायत

ब्यावरा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ईश्वर सिंह वर्मा ने बताया कि तरेना-86 के सरपंच मानसिंह वर्मा ने शिकायत की है कि उन्हें गणतंत्र दिवस पर तिरंगा नहीं फहराने दिया गया। पीड़ित की शिकायत पर इसको सरपंच के अधिकारों से वंचित करना मानते हुए रोजगार सहायक लाखन सिंह की सेवाएं समाप्त की गई हैं। उधर सरपंच मानसिंह ने एक वीडियों बनाते हुए अपनी बात शोसल मीडिया पर वायरल की जिसको पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भी अपने ट्वीटर हेंडल से ट्वीट किया है।

### विवाह समारोह में चोरी

## देपालपुर विधायक की बहू के गहने और नकदी चुरा ले गए बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



पचोर थाना अंतर्गत हाईवे पर स्थित उदनखेड़ी गांव में शनिवार रात विवाह समारोह में चोरी हो गई। चोरों ने धाकड़ धर्मशाला से एक बेग में रखे 30 तोला सोने के जेवर, 3 एंड्रॉयड मोबाइल, 25 हजार नगदी और 25 हजार नगदी से भरे लिफाफे चुरा लिए। जानकारी के अनुसार शनिवार रात उदनखेड़ी की धाकड़ धर्मशाला में सामाजिक कार्यकर्ता सूरज सिंह इंजीनियर के परिवार में आयोजित विवाह समारोह में उनकी बेटी नीलम नागर, पति रवि पटेल और जेठ देपालपुर भाजपा विधायक मनोज पटेल के साथ आई थी। वह अपनी छोटी बहन के लिए शादी में गहने लेकर आई थी। समारोह के दौरान रात करीब 9 बजे उन्होंने सोफे पर अपना बेग रखा था। जिसमें दुल्हन के लिए 30 तोला सोने के जेवर, 3 एंड्रॉयड मोबाइल, 25 हजार नगदी और 25 हजार नगदी से भरे लिफाफे रखे थे। जिन्हें किसी अज्ञात बदमाश ने चुरा लिया।इसके बाद चोरी की घटना से विवाह समारोह में हड़कंप मच गया। सुचना के बाद पचोर थाना प्रभारी आकांशा शर्मा मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। पुलिस ने फरियादी रवि पटेल पिता निर्भय सिंह पटेल निवासी पिपलियाराव इंदौर की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। थाना प्रभारी आकांशा शर्मा ने बताया की रवि पटेल की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से पड़ताल कर रही है। जल्द ही चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## गणतंत्र दिवस पर विद्यार्थियों ने परंपरा अनुसार निकाली प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

गणतंत्र दिवस का पावन पर्व नगर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्र की शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय संस्थाओं में धूमधाम से राष्ट्रीय पर्व मनाया गया जहां पर संस्था संचालकों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया। नगर के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के समस्त विद्यार्थियों द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नगर के विभिन्न मार्गो से प्रभात फेरी निकाली जो की मुख्य समारोह स्थल स्टेडियम ग्राउंड पहुंची जहां पर ध्वजारोहण जनपद अध्यक्ष श्रीमती पुरीबाई कालूसिंह तोमर ने किया एवं परेड की सलामी विधायक हजारीलाल दांगी , जनपद अध्यक्ष पुरीबाई तोमर, उपाध्यक्ष सीताबाई गुर्जर नगर परिषद अध्यक्ष अनसूया कुशवाहा ने ली।तथा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन सीईओ हेमदं गोविंल ने किया।समारोह में नगर के 21 विद्यालयों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जहां पर सबसे उत्कृष्ट प्रस्तुति पर निर्णायक मंडल द्वारा दिये निर्णय अनुसार हायर सेकेंडरी स्तर पर प्रथम- महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल एवं मां सरस्वती एकेडमी रहे ,द्वितीय-एडवांस किड्स एकेडमी, तृतीय-रॉयल हाइट्स हायर सेकेंडरी स्कूल रहा। माध्यमिक खंड में भव्य एकेडमी एवं विजया कान्वेंट प्रथम, कन्या माध्यमिक विद्यालय एवं पीड़ी चैबे द्वितीय ,गुरु आदर्श हायर सेकेंडरी तृतीय रहे।

#### कौशल विकास मंत्री ने किया सुशील व्यास का सम्मान




सारंगपुर। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जिला केंद्र पर आयोजित भव्य समारोह में मध्यप्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास तथा रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल ने राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव तथा सांसद रोड़मल नागर जिला कलेक्टर हर्ष दीक्षित की उपस्थिति में अंचल के ख्यातिलब्ध कला-साधक सुशील व्यास 'सारंग' का सम्मान-निधि एवं सम्मान-पत्र से सम्मानित किया। ज्ञात रहे कि सुशील व्यास अपनी कला-साधना से अंचल में अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। जहाँ आप एक सिद्ध-हस्त चित्रकार हैं, वहीं एक उत्कृष्ट गीतकार व संगीत कार भी हैं। भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के निमित्त आपके द्वारा रचित अनेक राम-गीत आज सोशल मीडिया पर धूम मचा रहे हैं। अनेक कलाकारों ने सुशील व्यास के गीतों को अपना स्वर व संगीत दिया है। आपके राम-गीतों के लाईकर्स की तादाद अब तक लाखों में पहुंच चुकी है। समाज सेवा में भी आप सदैव तैयार रहते हैं। आप विद्याभारती परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता भी हैं। आपको सम्मानित किए जाने पर सारंगपुर अंचल के बुद्धिजीवी वर्ग व गणमान्य जन ने हर्ष व्यक्त किया है।

### नपा टीम के साथ पहुंचे सीएमओ कहा समय सीमा में पैसे जमा करें अन्यथा कार्रवाई के लिए रहें तैयार

## दुकानदारों के ऊपर लाखों का किराया बाकी 25 हजार रुपए राजस्व की हुई वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा



नगर परिषद छापीहेड़ा की दुकानों का लाखों से अधिक किराया बाकी चल रहा है। कई दुकानदार सरकारी दुकानों में बिना किराया दिए ही मनमानी करते नजर आ रहे हैं। ऐसे में बकाया किराया वसूलने के लिए खुद सीएमओ हरिओम शर्मा ने शनिवार को टीम के साथ बस स्टैंड के आजू-बाजू सामने बनी दुकानों की जांच की। कई दुकानदारों ने अपना किराया अधिकारियों को सौंपा जिससे नप को 25 हजार रूप्ए राजस्व की वसूली हुई, शेष दुकानदारों को 15 दिनों में बकाया किराया जमा करने का निर्देश दिया।

श्रीराम नागर ने बताया कि शहरी क्षेत्र में नगर परिषद की 95 से अधिक दुकानें संचालित हैं दुकान आवंटित कराने वाले अधिकतर लोगों ने कई वर्षों से इसका किराया नहीं जमा किया है नगर परिषद की दुकानों का लाखों रुपए से अधिक किराया बाकी है शासन के निर्देश पर बकाया किराया वसूलने के लिए शनिवार से विशेष अभियान शुरू किया गया है पहले दिन बस स्टेशन के आजू बाजू सामने स्थित दुकान पर जांच अभियान चलाया गया इसमें कई दुकानदार ऐसे हैं जिन लोगों ने अपनी दुकान दूसरे को अधिक किराए पर दे दिया है। अभियान में दुकानों की जांच कर उनसे 25 हजार रुपये किराया वसूला गया जबकि कुछ दुकानों के मालिक मौके पर उपस्थित नहीं मिले वहां दुकान चला रहे कर्मचारी एवं लोगों को अभी मुख जुबानी निर्देशित कर 15 दिनों में बकाया किराया जमा करने का बोल दिया गया है निर्धारित अवधि में किराया जमा न होने पर संबंधित दुकानों पर नगर परिषद कानूनी कार्यवाही के तहत नोटिस भी जारी कर सकती है।

#### इनका कहना है

नियमित चलेगा वसूली अभियान। शासन की तरफ से शत-प्रतिशत किराया वसूलने का निर्देश दिया गया है इसका पालन करने के लिए शनिवार से नियमित चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

हरिओम शर्मा, सीएमओ नप छापीहेड़ा

### कड़कड़ाती सर्दी में भी रहा बच्चों में राष्ट्रीय भक्ति का जज्बा

## नगर में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया राष्ट्रीय पर्व...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तलेन

नगर में शुक्रवार को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर के शासकीय,अर्धशासकीय स्कूलों व कार्यालयों में 7रू30 बजे राष्ट्रध्वज फहराया गया। नगर के स्कूलों के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। कड़ाके की सर्दी होने के बाद भी बच्चों में राष्ट्रीय भक्ति का जज्बा देखने को मिला सार्वजनिक राष्ट्रीय ध्वज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में नगर परिषद अध्यक्ष नारायण सिंह यादव द्वारा फहराया गया। मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया। नगर के स्कूलों के बच्चों द्वारा देश भक्ति गीत वा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### यात्रा के संयोजक बाबा सत्यनारायण मौर्य का कार्यकर्ताओं ने माला पहनकर किया स्वागत

## श्रीराम चरण पादुका रथ यात्रा का ब्यावरा में कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



श्रीराम वनगमन पथ काव्य यात्रा श्रीलंका से श्रीराम के चरण लेकर छतरपुर पहुंची यात्रा 232 वन स्थलों को संपर्क करते हुए अयोध्या पहुंची थी। अयोध्या में श्रीरामलाला की भव्य प्राण प्रतिष्ठा के बाद यात्रा अयोध्या से इंदौर के लिए रवाना इसी दौरान श्रीराम चरण पादुका यात्रा का ब्यावरा प्रवेश हुआ। जय जय श्री राम के नारों से यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के मुख्य संयोजक राजगढ़ जिले की माटी के लाल देश के प्रख्यात संत बाबा सत्यनारायण मौर्य द्वारा श्रीलंका से अयोध्या तक श्री राम वनगमन पथ काव्य यात्रा शुरु की है। यह रथ यात्रा श्रीलंका से श्रीराम के चरण लेकर अयोध्या पहुंची थी। जो अयोध्या से चलकर इंदौर पहुंच रही है। यात्रा ब्यावरा पहुंचने पर श्री राम चरण पादुका के सभी जनमानस में दर्शन किए यात्रा का भव्य स्वागत किया देश के अंतरराष्ट्रीय संत बाबा सत्यनारायण मौर्य का माला पहनकर स्वागत किया गया बाबा सत्यनारायण ने अपनी मालवी भाषा से सभी को संबोधित किया। बाबा मौर्य के द्वारा यह यात्रा 232 वन स्थलों से गुजरी जिस रास्ते से भगवान श्री राम अयोध्या से लेकर श्रीलंका तक पहुंचे थे उन सभी स्थलों तक यह यात्रा गुजरी और अयोध्या पहुंची। ब्यावरा में इन कार्यकर्ताओं ने किया श्री राम चरण पादुका का पूजन किया बाबा का स्वागत भाजपा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी राजू यादव पार्षद विष्णु साहू नागेश रावत जिला मंत्री मयूर गुप्ता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष गिर्राज लववंशी दिलीप आदि कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया।

### इंदौर पब्लिक स्कूल में हुआ आयोजन, केरियर गाइडेंस के साथ संपन्न हुआ आयोजन

## सीनियर विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा




शनिवार को शहर के न्यू तहसील रोड सिविल हॉस्पिटल ब्यावरा के समीप स्थित इंदौर पब्लिक हाई स्कूल ब्यावरा में कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह रखा गया। जिसमे सभी बच्चों ने अपने अपने विचार रखे , इस बीच काफी भावनात्मक, ह्रदय को छूने वाले भाव विद्यार्थियों और शिक्षकों ,के मध्य नजर आए यही एक लगाव होता है एक शिक्षक का बच्चो के प्रति, और बच्चो का अपने विद्यालय और अपने शिक्षको के प्रति , इस बीच विद्यालय संचालक हरिओम दांगी ने विद्यार्थियों के लिए अपने विचार रखे और बताया कि विद्यार्थी एक कच्चे मिट्टी के बर्तन की तरह की होते है, जिस तरह कुम्हार बर्तन बनाते समय , बर्तन को खूब मारता, पीटता है लेकिन अपना एक हाथ वो हमेशा नीचे रखता है ताकि अपना बर्तन टूट ना जाए। ठीक इसी तरह एक शिक्षक वो होता है जो अपने विद्यार्थियों को डांटता है लेकिन उसमे एक अपनापन होता है जो विद्यार्थियों को काफी बाद में पता चलता है, इस दौरान सभी विद्यार्थियों ,शिक्षक गणों की आंखों में आसूं आ गए ,सभी शिक्षक गणों ने विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं प्रषित की और विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस बीच एमएल लववंशी, अमन, सुमन महेश, वीरेंद्र राहुल, राधा दांगी, अर्पिता, शिल्पा दांगी, सुनीता सक्सेना, प्रीति शाक्यवार, रवीना, द्रोपति सेन, वंदना, दिव्यांशी, राखी शर्मा , अनीता जाटव, आदि शिक्षक गण ने सभी बच्चो को साथ में खाना खिलाकर और तिलक लगाकर शुभकामनाएं प्रषित कीं।

### शुष्क दिवस पर आबकारी की कार्रवाई

## जब्त की 231 लीटर हाथ भट्टी मदिरा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

कलेक्टर हर्ष दीक्षित के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी लखन लाल ठाकुर' के मार्गदर्शन में ब्यावरा वृत प्रभारी संदीप कुमार लोहानी के द्वारा शुक्रवार को वृत्त ब्यावरा क्षेत्र में शुष्क दिवस के अवसर पर प्राप्त सूचनाओं के आधार पर ब्यावरा क्षेत्र मे कंजर अड्डों पर अवैध मदिरा बिक्री के संदिग्ध स्थलों व गिनदोरहाट, नापानेरा क्षेत्रों में दबिश देकर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के 12 प्रकरणों मे 231 लीटर हाथ भट्टी मदिरा व एक दो पहिया मोटर सायकिल जप्त की गयी। उक्त कार्यवाही मे आबकारी आरक्षक गौरीशंकर विजयवर्गीय, नवागत आरक्षक संजय ने मौके पर उपस्थित रहकर सक्रिय एवं सराहनीय योगदान रहा।

### भाजपा जिलाध्यक्ष व मंत्री पंवार ने काटा फीता

## ब्यावरा विधानसभा की जनता की सेवा के लिए सेवाश्री कार्यालय का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

ब्यावरा विधानसभा के विधायक व मध्य प्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह पवार का ब्यावरा शहर में क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए सेवाश्री कार्यालय का शुभारंभ राजगढ़ जिले के भाजपा के यशस्वी जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर एव मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री नारायण सिंह के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यालय में सुंदरकांड का पाठ कराया गया एवं प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर एवं मध्य प्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह पवार का सभी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित सभी ने अयोध्या के श्री रामलाला का चित्र एव गुलदस्ता भेंट किया।बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता कार्यालय के शुभारंभ में उपस्थित रहे। हमें पूरा विश्वास है कि सेवाश्री कार्यालय के माध्यम से क्षेत्र की जनता की हर समस्या का यथा संभव हल होगा।

### मुख्य समारोह में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार टेटवाल ने किया ध्वजारोहण

# हर्षोल्लास एवं समारोह पूर्वक मनाया गया गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/राजगढ़

जिला मुख्यालय पर गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। स्टेडियम परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवं सलामी गारद का निरीक्षण कर परेड की सलामी ली। समारोह में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग श्रगौतम टेटवाल ने मुख्यमंत्री के प्रदेश की जनता के नाम जारी संदेश का भी वाचन किया। इस अवसर पर सांसद रोडमल नागर, विधायक राजगढ़ अमरसिंह यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, कलेक्टरर हर्ष दीक्षित, पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षय तेम्रवाल, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मण्डराह सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।





#### मंत्री टेटवाल ने खुली जीप में किया परेड का निरीक्षण

मुख्य समारोह में सशस्त्र बल प्लाटून द्वारा हर्ष फायर किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल ने खुली जीप में परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर हर्ष दीक्षित, पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना भी उनके साथ थे। इस समारोह में विशेष सशस्त्र् बल, जिला पुलिस बल (पुरूष), जिला होमगार्ड बल, जिला पुलिस बल (महिला), स्काउट बल, रेडक्रास दल, शौर्य दल की टुकडियों द्वारा आकर्षक परेड प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि ने इस दौरान परेड कमांडर्स का परिचय भी प्राप्त किया। परेड के मुख्य कमांडर रक्षित निरीक्षसक रविकांत शुक्लार थे। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं मीसा बंदियों का सम्मान किया गया।

#### संयुक्त कार्यालय भवन में कलेक्टर दीक्षित ने किया ध्वाजारोहण

75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने संयुक्त कार्यालय भवन में ध्वजरोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

#### मंत्री टेटवाल प्रधानमंत्री पोषण शक्ति अंतर्गत आयोजित भोज में हुए शामिल

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के ग्राम सरेडी के माध्यामिक विद्यालय में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्याकन्ह भोजन) योजना अंतर्गत आयोजित विशेष भोज में शामिल हुए। इस दौरान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री टेटवाल सहित सांसद रोडमल नागर, विधायक अमर सिंह यादव, कलेक्ट्र हर्ष दीक्षित, पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना ने विद्यार्थियों के साथ बैठकर भोजन किया। इस दौरान अतिथियों द्वारा शाला के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मारन किया गया। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया। मां सरस्वयती की प्रतिमा का भी अनावरण किया गया।

## खबर संक्षेप

### आंखों की जांच कर नेत्र रोगियों को किया चिन्हित



**आष्टा।** सोमवार को सिविल अस्पताल आष्टा में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन सद्गुरु सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें आज 390 मरीज की आंखों की जांच कर 85 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। जिन्हें सद्गुरु सेवा समिति, आनंदपुर निःशुल्क ऑपरेशन के लिए भेजा गया। साथ ही 65 मरीजों को चश्मे का वितरण भी किया गया । निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुरेश कुमार माहोर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

### स्व जुगराजमल धारीवाल को दी श्रद्धांजलि



**आष्टा।** सोमवार को आष्टा नगर में गल्ला व्यवसायी जितेंद्र धारीवाल,रूपेश धारीवाल व वरिष्ठ महिला पत्रकार एवं समाजसेवी किरण रांका के पूज्य पिताजी जुगराजमल धारीवाल का स्वर्गवास हो गया। उनके देवलोकगमन पर स्थानीय टैलैंट इनोवेटिव स्कूल में प्रार्थना सभा मे उपस्थित सभी विद्यर्थियों व शिक्षकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की व मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति व प्रभुचरण प्राप्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। प्राचार्य सुदीप जायसवाल ने उनकी आत्मीयता व उनके संघर्षशील व्यक्तित्व पर विचार प्रकट कर शोक संवेदना प्रकट की।

### आरक्षित पदों की पूर्ति 31 दिसंबर तक

**सीहोर।** दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पदों की पूर्ति, विशेष भर्ती अभियान के तहत वॉक-इन-इंटरव्यु के माध्यम से किये जाने का निर्देश जारी किये गये है। इस आशय के निर्देश सामान्य प्रशासन विभाग के उप सचिव द्वारा जारी किये गये है। विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित रिक्तपदों की पूर्ति, वॉक-इन-इंटरव्यु के माध्यम से 31 दिसम्बर 2024 तक किये जाना अनिवार्य है।

## महादेव नर्सिंग कॉलेज के खिलाफ छात्रों ने खोला मोर्चा, प्रबंधन पर लगाए ठगी करने के आरोप

# छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ हुआ खिलवाड़ः न अस्पताल का पता न कॉलेज का पता, फीस के नाम पर वसूले 50-50 हजार





### छात्र छात्राओं ने नर्सिंग कॉलेज संचालक हर्ष वर्धन पर लगाए गुड़ागर्दी और डराने धमकाने और पुलिस पर समय पर उचित कार्रवाई नहीं करने के लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहर में फर्जीवाड़े की दूकान बन चुके महादेव नर्सिंग कॉलेज प्रबंधन द्वारा छात्रों के साथ लाखों रुपए की ठगी का करने का मामला सामने आया। जिसको लेकर छात्र संगठन एनएसयूआई के साथ हंगामा करते हुए बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आष्टा थाने में पुलिस को लिखित में शिकायत करते हुए कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। आपको बता दे की लंबे समय से फर्जीवाड़ा कर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले महादेव नर्सिंग कॉलेज सुर्खियों में बना हुआ था और आज फिर छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया । इस दौरान कॉलेज प्रबंधन की ठगी का शिकार छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में एकत्रित होकर थाने पहुंचे। ठगी का शिकार छात्र-छात्राओं का कहना है कि उनके साथ कॉलेज प्रबंधन ने धोखाधड़ी की है। प्रबंधन ने फीस के नाम पर मोटी रकम ले ली है। अब ना तो कक्षाएं लग रही है। और न ही उन्हें उनके डॉक्यूमेंट वापस दिए जा रहे है।

### छात्र-छात्राओं का आरोप- फीस के नाम मोटी रकम ली, लेकिन डॉक्यूमेंट नहीं दिए, कॉलेज, अस्पताल भी कागजों तक सीमित

छात्र संगठन एनएसयूआई के नेताओं के साथ छात्र छात्राओं ने थाने में कॉलेज प्रबंधन के संचालन हर्षवर्धन सिरांगी पर अपने साथ ठगी करने सहित अभद्रता कर डराने धमकाने के गंभीर आरोप लगाते हुऐ कहा की महादेव कॉलेज प्रबंधक हर्षवर्धन शिवांगी ने उनसे फीस के नाम पर मोटी रकम ले ली लेकिन उनको किसी तरह के कोई ना डॉक्यूमेंट दिए और ना ही किसी तरह की कोई सुविधा उपलब्ध कराई है। वहीं अब तक ना एक्जाम हुए जब उन्होंने कॉलेज से फीस वापस मांगी तो कॉलेज प्रबंधन के द्वारा छात्रों को डराया धमकाया गया। वही ठगी के शिकार छात्र छात्राओं ने पुलिस पर भी मिलीभगत के आरोप लगाते हुऐ कहा की पुलिस भी हमारे साथ धोखाधड़ी करने वाले महादेव नर्सिंग कॉलेज के संचालक हर्ष वर्धन पर कोई कार्यवाही नहीं करती है। वही छात्रों के साथ छात्र संगठन एनएसयूआई नेता ने कार्यवाही ना होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

### पीड़ित छात्र पुलिस की शरण में, फीस के नाम पर 40 से 50 हजार ठगी करने के आरोप

छात्र छात्राओं ने आष्टा पुलिस को दिए लिखित शिकायती आवेदन में बताया की महोदव कॉलेज में अध्ययनरत है जो कॉलेज धरातल पर है ही नहीं जहां कॉलेज की बिल्डींग थी वहां एक निजी स्कुल चल रहा है। हमसे फिस के नाम पर 40-40, 50-50 हजार रुपये लिए है। 04 सालों से हमारी क्लास नहीं ली और ना ही हमारी कोई परीक्षा हुई और जब हमने पता किया तो पता चला कि इस कॉलेज की मान्यता ही नहीं है छात्र छात्राओं ने पुलिस से गुहार लगाते हुए फीस,दस्तावेज दिलवाने सहित 4 वर्षों का मुआवजे की मांग की है।

### ट्रेनिंग के नाम पर ऐंठे 5000 हजार रुपए, अस्पताल भी गायब मिला

वही छात्र छात्राओं ने आवेदन में यह भी बताया की महादेव नर्सिंग कॉलेज के प्रबंधन ने ट्रेनिंग के नाम पर प्रत्येक छात्र-छात्रा से 5,000/- रू लिए। और इनके पास कोइ हॉस्पिटल तक नही हे जिसके चलते हॉस्पिटल में हमारी ट्रेनिंग भी नहीं करवाई गई ! वही संस्था द्वारा आईडी कार्ड भी बनाकर नहीं दिए गए, हम सभी बच्चों ने स्वयं द्वारा अपना कार्ड डिजाईन कर ट्रेनिंग हेतु बनवाया गया। जिसका खर्चा भी हमने हमारी जेब से दिया। वही संस्था द्वारा युनिफार्म के नाम पर भी 4,000/- रू प्रत्येक छात्र-छात्रा से लिए लेकिन आज तक हमें कोई युनिफार्म नहीं दि गई।

### कॉलेज संचालक हर्ष वर्धन करता है गुंडागर्दी, छात्र-छात्राओं को डराता धमकाता है

इस दौरान छात्र छात्राओं ने पुलिस को लिखित में और मीडिया के सामने बताया की जब भी महादेव नर्सिंग कॉलेज संचालक हर्षवर्धन सिरांगी से अपनी समस्याओं क्लास नहीं लग रही ना तो संस्था कि निजी बिल्डिंग है और ना ही स्टाफ है को लेकर बात की जाती तो गुंडागर्दी कर हमें पुलिस का डर दिखाकर डराया जाता है और प्रिंसिपल हर्षवर्धन सिरांगी द्वारा अभद्रता का व्यवहार कर बच्चों के साथ गाली ग्लोच कर डरा धमकाकर कहते हैं कि ज्यादा नाटक कि तो तुम्हारे एडमिशन कैंसिल कर दिया जाएगा।

### छात्र-छात्राओं ने किए कई खुलासे

इस मामले में थाने पहुचे छात्र छात्राओं की ओर से कई खुलासे किये है, एक छात्रा ने बताया की हमसे एडमिशन फीस जमा करा ली,हमारी जो स्कालरशिप है वो भी नही दी गई।



**महादेव नर्सिंग कालेज की पीड़ित छात्रा रानी राव** ने बताया कि इस कॉलेज का कोई अस्पताल नही है,कहा जाता है उसमें 300 बेड है,जबकि बायपास पर कही एक भंवन किराये पर ले रखा है। वहां नीचे एक अस्पताल चलता है,उस अस्पताल में आयुष्मान कार्ड से गम्भीर बीमारियों का इलाज के नाम पर क्या क्या हुआ है,इस अस्पताल में मप्र शासन से इलाज के नाम पर भी बड़ा फर्जीवाड़ा हुआ है इस लूट की लिंक आष्टा से भोपाल तक जुड़ी है,अगर जांच हो जाये तो एक बड़ा फर्जीवाड़े के रैकेट का बड़ा पर्दाफाश हो सकता है।



**महादेव नर्सिंग कालेज के पीड़ित छात्र गोविंद जायसवाल** ने बताया किमेरे द्वारा महादेव कालेज में पूरी फीस जमा करा दी गई, जब जमा फीस की रशीद, या लिख कर देने को कहा तो मेरे साथ संचालक ने काफी अभद्र व्यवहार किया,ना ही जमा फीस की रशीद दी। जब लिखित में मांगा तो धमकी दे रहे है। इनका उक्त कालेज का कोई भंवन, अस्पताल नही है, सब कागजों पर चल रहा है। हमारी पूरी फीस वापस हो, संचालक पर की जाए हो।



**छात्र नेता हरिओम सिसोदिया** ने कहा कि इस कॉलेज के छात्र छात्राओं की समस्या को लेकर थाने पहुचे है,टीआई को शिकायत की है, यह कालेज बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है, 4 साल से परीक्षा ही नही हुई है,बच्चों से संचालक अभद्रता करता है,अगर कार्यवाही नही हुई तो सीहोर कलेक्टर को शिकायत करेंगे,सरकार का दरबाजा खटखटाएंगे।

### शिकायत लेकर आए थे छात्र-छात्राएं

महादेव नर्सिंग कालेज के छात्र छात्राएं अपनी समस्या लेकर थाने आए थे। उन्होंने शिकायत की है की प्रबंधक ने फीस तो ली पर 4 साल से कोई परीक्षा नहीं कराई, सभी के जरूरी दस्तावेज अपने पास रखे है, मांगने पर देते नही है, कालेज का भंवन है ही नही। सबकी सुनने के बाद बिंदुवार तथ्यात्मक जानकारी मांगी है,जांच करायेंगे, अगर दोषी पाया जाता है तो कार्रवाई करेंगे।

**पुष्पेन्द्र सिंह राठौर,** टीआई थाना आष्टा

## बदलते मौसम में निमोनिया से बचाव व उपचार की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पिछले एक सप्ताह से मौसम में बदलाव के कारण बच्चों में निमोनिया के लक्षणों की पहचान एवं उसके उपचार एवं प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने आम जनों को सलाह दी है कि निमोनिया के आकलन, निमोनिया का वर्गीकरण, खतरनाक लक्षणों के चिन्हों की पहचान, समुदाय आधारित निमोनिया का प्रबंधन, उपचार एवं रेफरल के संबंध में मैदानी कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि बदलते मौसम में बच्चों को निमोनिया के लक्षणों की पहचान एवं एसके उपचार एवं प्रबंधन के लिए विभाग तैयार है। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की एएनएम को निमोनिया के संबंध जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि सर्दी के मौसम में बच्चों में निमोनिया के केसेस ज्यादा पाए जाते हैं। इसे देखते हुए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अवगत किया गया है। जिससे कि वह अपने क्षेत्र में निमोनिया के लक्षण वाले बच्चों की शीघ्र पहचान कर शीघ्र प्रबंधन कर सकें। फेफड़े का संक्रमण है। जिससे फेफड़ों में सूजन हो जाती है। निमोनिया होने पर बुखार खांसी और सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। तेज सांस चलना या छाती का धंसना निमोनिया के दो मुख्य चिन्ह है। प्रशिक्षण में शिशु रोग विशेषज्ञों द्वारा द्वारा बच्चों में सांस की दर को गिनकर निमोनिया के लक्षणों की पहचान की जानकारी दी । बच्चों में सांस की गति का ठीक ढंग से आकलन करके निमोनिया को प्रारंभिक अवस्था में ही पहचाना जा सकता है। बच्चों की श्वास को एक मिनट तक निरंतर देखा जाता है। दो माह तक की उम्र के बच्चों की सांस लेने की दर एक मिनट में 60 या उससे अधिक होने पर, 2 माह से एक वर्ष तक की आयु में 50 या उससे अधिक एवं 1 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों में प्रति मिनट 40 या उससे अधिक होने पर निमोनिया होने की संभावना रहती है।

## सीएम राइज स्कूल में हुई परीक्षा पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




नगर के सी.एम. राइज शासकीय उत्कृष्ट उमावि आष्टा में 29 जनवरी 2024 को माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरक उदबोधन परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम नई दिल्ली से सजीव प्रसारण विद्यार्थियों को परीक्षा से पूर्व तनावमुक्त रखने के उद्देश्य से माननीय प्रधानमंत्री द्वारा कार्यक्रम के माध्यम से मार्गदर्शित किया गया। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के मार्गदर्शन में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वल्न किया गाया।

इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य सितवत खान ने अतिथियों का स्वागत किया और परीक्षा पे चर्चा की अवधारणा बताई और कहा कि परीक्षा पर चर्चा के माध्यम से विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन और समय प्रबंधन की कला सिखाई जा रही है। यदि तनाव का सही उपयोग किया जाए तो यह लक्ष्य प्राप्ति में बहुत ही कारगर साबित होता है। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने अपने उद्बोधन मे कहा कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा छात्र-छात्राओं को परीक्षा से पूर्व तनावमुक्त रखने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरा मन लगाकर पढ़ाई की तरफ ध्यान दें मोबाइल का उपयोग केवल अध्ययन की दृष्टि से ही करें। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेंवाडा ने विद्यार्थियों का आवह्नन किया कि वो शिक्षकों के मार्गदर्शन में विश्वास करें और शिक्षकों के अनुसार अध्ययन करगें तो निश्चित रूप से बिना किसी दबाव के अच्छे अंको के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर लेगें।कार्यक्रम का संचालन भूपेन्द्र शिंदे और सतीश वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक अंत्येश धारवां, असमा खानम, पदमा परमार, आरती विश्वकर्मा, पवन राया, जितेन्द्र मेवाड़े, धर्मेन्द्र मेवाड़ा, निहायत मंसूरी, अमिता सोनी, नमीता लोवंशी, रघुवीर सिंह, गौतम चौरसिया, भूपेन्द्र शिंदे, जितेन्द्र धनवाल, लीला भिलाला, मोनिका जैन, मनोज कुमार करमोदिया, डॉ. दीक्षा खंडेलवाल, मो. इमरान, सपना यादव, तेजपाल सिंह परमार, अभिलाषा श्रीवादी, वीरेन्द्र सिंह, राम सिंह, उर्मिला यादव, रीना सेन, दिनेश कुमार शर्मा सहित समस्त शैक्षणिक एवं कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहे।

## डाक विभाग के कर्मचारियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित



**सीहोर।** एपिक कार्ड के वितरण में कुशलता के संबंध में कलेक्टर कार्यालय सीहोर द्वारा डाक विभाग को सम्मानित किया गया। इस उपलक्ष में डाक विभाग के प्रतिनिधि के रूप में अधीक्षक डाकघर एमएल मालवीय, सहायक अधीक्षक सुनील सोलंकी, पोस्ट मास्टर सीहोर सुनील चौकसे व कुमारी, निकिता मीणा शाखा डाकपाल अबिदाबाद को प्रमाण पत्र भेंट किये गये।

## रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**सीहोर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर के सीहोर एकेडमी में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रंगोली बनाई।



### सांस्कृतिक कार्यक्रम में मार्डन स्कूल को मिला प्रथम स्थान

## कक्षा नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने दी कई प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




संस्था मॉडर्न पब्लिक हा.से. स्कूल आष्टा में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को बड़े ही धूम धाम के साथ मनाया गया। साथ ही डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी मैदान पर हुए सामुहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में संस्था ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय मे हुए कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के छात्र/छात्राओ ने बढ-चढ कर भाग लिया। कार्यक्रम में वार्षिक खेल प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतिय आने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित व माल्यांपण कर की गई।

इसके बाद संस्था के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। जिसमें मुख्य आकर्षण प्रस्तुतियों में स्वागत गीत पर बालिकाओं का सुन्दर नृत्य व फेन्सी ड्रेस की झलकीयों ने सभी का मनमोह लिया। साथ ही कई आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति छोटे व बड़े बच्चो द्वारा दी गई। संस्था द्वारा छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्राचार्य महोदय द्वारा संस्था की उपलब्धियां बताई गई। संस्था ने 2013 से लेकर 2024 तक जो उन्नती की व कई बच्चों का भविष्य बनाया। उसमें संस्था के मार्गदर्शन और शिक्षिकाओं का योगदान रहा है। इस अवसर पर संस्था के संचालक मंडल व शाला परिवार के मार्ग दर्शक कुंवर लाल परमार, शंकर लाल परमार, समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य अमित यादव, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बी.एल. मालवीय, रवि पाठक, तेजराज मेवाड़ा, संदीप जोशी, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवा, पंकज ठाकुर, राजपाल साहू, अनीता परमार, निर्मला सारसिया, कविता ठाकुर, अंजलि चौरसिया, करिष्मा चौपड़ा, अंजु नावड़े, रचना ठाकुर, नीता सक्सेना, हेमलता पाटीदार, मौसमी बक्सी, स्वेतान्शु ठाकुर, इशा जैन, इतिका चौहान आदि शिक्षक शिक्षिकाओ ने बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सर्वाईकल कैंसर निःशुल्क शिविर में 30 लोगों की हुई जांच, दो मरीज मिले संदिग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




जिला चिकित्सालय सीहोर स्थित मेटरनिंटी विंग पीपीओटी कक्ष में सर्वाईकल केंसर जागरूकता माह के अंतर्गत निःशुल्क केंसर जांच और उपचार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मरीजों की जांच केसर नोडल ऑफिसर डॉ.पुष्पा कन्नोजिया के द्वारा की गई। 30 व्यक्तियों का परीक्षण किया गया जिसमें 02 मरीज केंसर के संदिग्ध पाए गए।

उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय सीहोर में केंसर किमोथैरेपी की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है। इस अवस पर सिविल सर्जन डॉ.प्रवीर गुप्ता, विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी डॉ.बीके चतुर्वेदी सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुधीर कुमार डेहरिया ने जानकारी दी कि शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा केंसर के संदर्भ में जानकारी एवं बचाव के बारे में बताया गया। उपस्थित मरीजों की सूक्ष्म जांच की गई। सर्वाईकल केंसर अथवा बच्चेदानी के मुंह का केंसर भारत में सभी केंसर की बीमारी में दूसरे स्थान पर है । यह एक ऐसा केंसर है जिसका शत प्रतिशत उपचार संभव है यदि सही समय पर केंसर की जांच एवं उपचार किया जाए। क्योंकि बहुत सारे केंसर रोग जब तक चिन्हित होते हैं तब तक या तो उपचार की श्रेणी से बाहर हो जाते हैं अथवा इतना फैल चुके होते हैं कि पूर्ण ईलाज संभव नही है।